हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार,13 मई 2024

तापमान
अधिकतम 39 .8 डिग्री
न्यूनतम 25 .8 डिग्री

12 27 हजार स्ट्रीट लाइटें लगाने पर विवाद



12 गीत व नृत्य से शिक्षिकाओं के साथ छात्रों ने बिखेरा जलवा



# अंबाला में 42 किलो चूरापोस्त सहित दो चालक गिरफ्तार

## अब रिमांड के जरिए आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही पुलिस, गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया

सीआईए-1 ने चूरापोस्त तस्करी के आरोप में एक कैंटर चालक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से नशे की बड़ी खेप मिली है। आरोपी चालक की पहचान पंचकूला के गांव खडकुंआ के सोहन सिंह उर्फ सोनी के रूप में हुई है। सीआईए-1 को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी भारी मात्रा में चूरा पोस्त लेकर पंचकूला की तरफ जा रहा है। पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक बलदेव नगर फ्लाई ओवर के पास गश्त के दौरान सूचना मिली कि सोहन सिंह उर्फ सोनी नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। आरोपी अपने कैंटर में चूरा पोस्त लेकर जग्गी सिटी सैंटर के सामने से बलदेव नगर चंडीगढ़ रोड से होते हुए पंचकूला जाएगा। सूचना पर जग्गी सिटी सेंटर के पास नाकाबंदी की और मुखबिर के इशारे पर कैंटर को रोका। कैंटर की तलाशी लेने पर लोडिड सामान के अंदर कट्टा मिला, जिसमें 20 किलोग्राम चूरापोस्त हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। पूछताछ के जरिए उस शख्स का भी पता लगाया जाएगा जिससे आरोपी चूरापोस्त की खेप लेकर आया है।



चूरापोस्त तस्करी के आरोप में पुलिस क हत्थे चढ़े आरोपी।

### 22 किलोग्राम चूरापोस्त जब्त

थाना नग्गल के क्षेत्र टांगरी पुल के पास जनसुई हैड गांव सेगती से पुलिस ने नशा तस्करी के छोटी घेल गांव के आरोपी अवतार सिंह को 22 किलो 400 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। वह अपने कैंटर में भारी मात्रा में मादक पदार्थ लेकर अंबाला शहर की तरफ जाएगा। सूचना के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना नग्गल क्षेत्र टांगरी पुल के पास नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान कैंटर चालक को काबू किया गया। तलाशी लेने पर उससे 22 किलो 400 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ।

## खबर संक्षेप

### वृद्धा की हत्या का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 की किशनपुरा चौकी पुलिस ने किशनपुरा में 74 वर्षीय वृद्धा चिंता देवी मूल निवासी गांव डोलमा जिला गया, बिहार हाल निवासी कृष्णपुरा, पानीपत की हत्या करने मामले में आरोपी सचिन निवासी गांव बडा केसरवा कला जिला शामली, उत्तर प्रदेश हाल निवासी कृष्ण पुरा गली नंबर दो, पानीपत को गिरफ्तार कर लिया है। कृष्णपुरा चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर जितेंद्र ने बताया कि सचिन पर थाना औद्योगिक सेक्टर 29 की कृष्णपुरा चौकी में मंजू निवासी गांव डोलमा जिला गया, बिहार हाल निवासी कृष्णपुरा, पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है। इधर, कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### पानीपत में नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने सनौली रोड पर नशा तस्कर हर्षित उर्फ हर्ष निवासी गांधी कॉलोनी, पानीपत को 635 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार पानीपत अस्तित्व पाराशर के समक्ष आरोपी से मादक पदार्थ बरामद किया है।

### जान लेवा हमला करने वाले दो पकड़े

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने गांव मांडी रिंकू पुत्र जगदीश पर गंडासी से जानलेवा हमला करने के मामले में नाबालिग सहित जयपाल निवासी गांव मांडोठी जिला झज्जर को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर नीरज ने बताया कि थाना इसराना में घायल रिंकू के भाई सोनू की शिकायत पर केस दर्ज है।

### चोरी के मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में संलिप्त दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# पानीपत में पुलिस व अर्धसैनिक बल ने फ्लैग मार्च किया


लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फ्लैग मार्च करते हुए अर्ध सैनिक बल।

**पानीपत।** लोकसभा चुनाव को भय मुक्त, निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने और कानून एवं व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक क्राइम संदीप के नेतृत्व में शनिवार को जिला पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों द्वारा संयुक्त रूप से थाना इसराना, थाना मतलौडा व थाना सदर क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च गांव इसराना से शुरू होकर, बांध, बुआना लाखु, शाहपुर, कारद, भाऊपुर, नैन, भंडारी, औसर, मतलौडा, नारा, जोशी, माजरा, कवि, धर्मगढ, रैर, बाल जाटान, ददलाना, रजापुर, कचरौली, बाबरपुर व बड़ौली गांव से होकर निकला। इस दौरान सीआरपीएफ की कंपनी कंमाडर इंस्पेक्टर अंजू त्यागी, थाना इसराना प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज, थाना मतलौडा प्रभारी इंस्पेक्टर सुभाष व थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश भी मौजूद रहे। जिन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनसे निर्भिक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने व निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए अपील की। जबकि डीएसपी संदीप ने बताया कि फ्लैग मार्च कानून व्यवस्था बनाने का एक हिस्सा है। हम सब का यह दायित्व है कि कानून का पालन करें और निष्पक्ष व भय रहित चुनाव संपन्न करवाएं।

# सूने घर से डायमंड व सोने के आभूषण की चोरी

## घटना के समय हिमाचल प्रदेश शादी समारोह में गए थे परिवार के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात पर केस दर्ज किया

चोरों ने मॉडल टाउन निवासी हरीश बक्शी के घर से पांच लाख के डायमंड, सोने व चांदी के गहने और अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी के समय हरीश बक्शी परिवार समेत हिमाचल प्रदेश में शादी समारोह में गए थे। वापस लौटने पर रसोई की ग्रिल टूटी हुई मिली। और अंदर से गहने व सामान चोरी था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार मॉडल टाउन निवासी हरीश बक्शी ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नौ मई को वह परिवार सहित हिमाचल प्रदेश के नाहन में आयोजित शादी समारोह में गया था। वहां जाने से पहले उसने घर का ताला लगाया था। देर शाम को जब वह शादी समारोह से वापस घर आए तो उन्होंने देखा कि उनकी रसोई की ग्रिल उखड़ी हुई है। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। कमरे के अंदर रखी अलमारी भी खुली पड़ी थी। जांच करने पर वहां से डायमंड मंगलसूत्र, तीन जोड़ी डायमंड टोपस, तीन जोड़ी सोने के टोपस, सोने का पेंडल, चार सोने की चूड़ियां, एक सोने का पिंक पर्ल सेट, चार चांदी के सिक्के, डायमंड अंगूठी, चांदी की चेन, घड़ी व अन्य सामान गायब था। उसने बताया कि चोरी हुए गहनों की कीमत पांच लाख रुपये से अधिक है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। बाद में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### फैक्टरी के मंदिर से मूर्तियां चोरी

मॉडल टाउन निवासी अभिषेक अरोड़ा ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विधायक घनश्याम दास अरोड़ा के घर पर रहता है। उसकी टोल प्लाजा शादीपुर के पास श्री गोपाल उद्योग के नाम से प्लाईवुड फैक्ट्री है। देर शाम वह फैक्टरी बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह फैक्ट्री पहुंचा तो वहां बने पूजा घर मंदिर का सामान बिखरा पड़ा था। अंदर रखी भगवान श्रीराम व श्री हनुमान जी की मूर्तियां, चांदी का मुकुट, श्री राम सीता, लक्ष्मण का सेट व अन्य सामान चोरी था। सभी मूर्तियां पीतल धातू की बनी हुई थी। सुबह साढ़े सात बजे जब फैक्ट्री कर्मचारी पहुंचे तो चोरी का पता चला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कर्मियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

## प्रतिनिधिमंडल को मांगों के समाधान करवाने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुरानी पेंशन योजना की बहाली, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने सहित कर्मचारियों की अनेक समस्याओं को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ व सर्व कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल रविवार को जिला प्रधान ओम प्रकाश व वीरेंद्र सिंह गड़ी रोडन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुशील गुप्ता व भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल से उनके आवास पर मिला और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में सकसं जिला प्रधान ओमप्रकाश सचिव संदीप नरवाल अध्यापक संघ के जिला सचिव सुदर्शन कुमार, रामेश्वर दास ,ईश्वर आर्य, सुरेंद्र , जनरल सिंह, लोकेश राणा, संजीव जिंदल, मुकेश गर्ग, संदीप सहारन हसला से तरसेम कौशिक, सर्व कर्मचारी संघ से , रावल गुप्ता पेंशन बहाली संघर्ष समिति से नरेश , महेंद्र सिंह, रवि दत्त, कृष्ण कुमार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला प्रधान, बलवान मोर, गुरुचरण सिंह, कदम शर्मा, हेमराज, सुमन प्रकाश, सुखबीर लालर, मनजीत भुल्लर, स्वर्ण सिंह, बलदेव राज, सुरेंद्र यादव, दलबीर सिंह, संजीव जिंदल अध्यापक संघ से, महेंद्र वर्मा,सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल को ओपीएस, कच्चे कर्मचारियों को नीति बनाकर पक्का करने ,अग्निवीर योजना को बंद करने आदि को बातचीत के माध्यम से समाधान करवाने का आश्वासन दिया।


कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# अंबाला में परिजनों को चकमा देकर युवती घर से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

■ शादी का लालच देकर प्रेमी पर साथ ले जाने का आरोप

19 साल की युवती परिजनों को चकमा देकर घर से लापता हो गई। सुराग नहीं लगने पर युवती के पिता ने शहजादपुर पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती के पिता ने गांव पंजलासा के एक युवक पर शादी करने की नीयत से उसकी बेटी को ले जाने का आरोप लगाया है। गांव सलौले के व्यक्ति ने बताया कि उसकी चार संतान है। बड़ा बेटा है और उससे छोटी 3 बेटियां है। सबसे बड़ी बेटी 12वीं क्लास के बाद घर पर ही काम करती थी। 19 वर्षीय उसकी बेटी 10 मई की दोपहर 12 बजे से लापता है। पिता ने शक जताया कि उसकी बेटी को गांव पंजलासा के सागर सैनी शादी का लालच देकर अपने साथ ले गया है। घर वालों को पता नहीं था कि युवती ऐसे चकमा देकर घर से निकल जाएगी। युवती दुकान पर सामान लेने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी।परिजनों के मुताबिक लगभग 2 माह पहले युवती को उसके प्रेमी के साथ देखा था। उसके बाद उसे समझाया भी था। उस समय बात दब गई थी लेकिन परिजनों को पता नहीं था कि युवती अभी भी युवक के संपर्क में है। युवती अपने साथ जरुरी दस्तावेज भी साथ ले गई है।

# गैर को गर गले लगाओगे, जिंदगी क्या है जान जाओगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

■ सांझा साहित्य मंच,करनाल की काव्य गोष्ठी

सांझा साहित्य मंच,करनाल की काव्य गोष्ठी आज स्थानीय मानव सेवा संघ हॉल में कैथल से आए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रद्युम्न भल्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। काव्य गोष्ठी में विशेष रूप से कुरुक्षेत्र के साहित्यकार सूबे सिंह सुजान और पानीपत से कमलेश कुमार पालीवाल हाजिर रहे। सबसे पहले पंजाबी कवि सुरजीत पातर के देहावसान पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया गया। कृष्ण कुमार निर्माण के हिंदी काव्य संग्रह कविता के बहाने प्रकाशित होने पर उन्हें बधाई दी गई। काव्य गोष्ठी की शुरुआत करते हुए युवा शायर विनोद वत्स ने कहा कि बनो तुम मेरा मैं तुम्हारा बनूँगा सहारा,सहारा,सहारा बनूँगा। अध्यक्षता कर रहे कैथल से पधारे और साहित्य अकादमी से सम्मानित शायर प्रद्युम्न भल्ला ने कहा कि गैर को गर गले लगाओगे जिंदगी क्या है जान जाओगे फिर जरूरत नहीं इबादत की किसी रीते को गर हँसाओगे। तरावड़ी से उपस्थित हुए शायर जय भारद्वाज तरावड़ी ने कुछ यों कहा कि खालिक से अपने बे-वजह की तू नहीं तकरार कर अपने मुक्कदर से ज़्यादा की नहीं दरकार कर। असंध से आए संस्कृत के विद्वान और साहित्यकार भारत भूषण वर्मा ने माँ को समर्पित होते हुए कहा कि माँ की रहमत हुई,सारी खुशियाँ मिली माँ से है जिंदगी, माँ के बिन कुछ नहीं। कुरुक्षेत्र से पधारे सूबे सिंह सुजान ने अपनी ग़ज़ल के माध्यम से कुछ यों कहा कि दुनिया में इस तरह भी बड़े काम हो गए, घर से निकाले जो गए राम हो गए।

सतविंदर राणा जो कि नए मिजाज के शायर हैं,उन्होंने अपनी बात कुछ इस तरह से कही कि कभी इकरार से लड़ना पड़ेगा कभी इनकार से लड़ना पड़ेगा।पानीपत से पधारे कमलेश कुमार पालीवाल जी ने कहा कि---खुशबू को फैलने की तमन्ना तो है मगर मुमकिन नहीं हवाओं से रिश्ता किये बगैर। वरिष्ठ शायर मुनिराज शर्मा ने कहा कि--- माँ की महिमा कैसे गाऊँ, कोई तंत्र बताओ भगवन।

शशि शर्मा ने कहा कि---चाहे समुंद्र मसी बन जाए,सूरज लेखनी रूप धरे लुप्त हो स्याही धरा से,थक जाती है लेखनी। कृष्ण कुमार निर्माण ने अपनी हरियाणवी रचना के माध्यम से कहा बात सब न्यारी-न्यारी लिख पहरुए की गद्दारी लिख। सुषमा चौपड़ा ने कहा वो दिल,दिल ही क्या है,जिसमें तेरी याद न हो वो इश्क,इश्क ही क्या,जिसमें तेरी चाह न हो बरसों बाद भी नाम तेरा हो आता है लब परवो महफ़लि,महफ़लि ही क्या,जिसमें तेरी बात ना हो।

# पति ने की डंडे से पत्नी की पिटाई

**यमुनानगर।** गांव हरिपुर जट्टान में एक व्यक्ति ने डंडे से अपनी पत्नी की पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव हरिपुर जट्टान निवासी अमन देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2019 में शुभम से हुई थी। शादी के बाद उसके पास दो साल का बेटा है। उसका पति बहुत ज्यादा शराब पीता है। शराब क नशे में वह उसके साथ मारपीट करता है। 10 मई की दोपहर को उसका पति घर आया। जिसके बाद उसका पति उसके साथ बहस करने लगा। बहस बढ़ने पर आरोपी ने डंडे से उसे पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर पड़ोसियों ने घर आकर उसे छुड़वाया। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इसकी शिकायत उसने थान में दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## जसवंत ने यूपीएससी की परीक्षा में 115 वां रैंक हासिल किया

# यूपीएससी में चयनित जसवंत का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ डीसी ने जसवंत को व उनके परिवारजनों को बधाई दी

यूपीएससी में चयनित पानीपत जिले के सींक गांव व हाल निवासी शांति नगर, पानीपत के जसवंत मलिक ने 115 वां रैंक हासिल किया। जसवंत मलिक वर्तमान में हरियाणा में एचसीएस के पद पर ट्रेनिंग कर रहे है। उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में 115 वां रैंक हासिल कर जिले का ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर अभिनंदन समारोह रखा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया पहुंचे। डीसी ने जसवंत मलिक को उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें व परिवारजनों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**पानीपत।** यूपीएससी चयनित जसवंत मलिक का अभिनंदन करते हुए उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया। फोटो : हरिभूमि

### देश की सेवा करना ही मुख्य उद्देश्य

इस अवसर पर डीसी डॉ दहिया ने कहा कि जसवंत मलिक जैसे होनहार से समाज के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा भी मिलेगी और उनको नई ऊर्जा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें जसवंत मलिक की इस उपलब्धि पर बहुत बड़ा गर्व है और इनके माता पिता के लिए इससे बड़े सम्मान की बात क्या हो सकती है, जिनके बेटे ने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावकों को अपने बच्चों की पढ़ाई पर पूरा फोकस करना चाहिए, ताकि वे पढ़ लिख कर समाज को सकारात्मक रूप से नई दिशा देने का काम कर सकें। वहीं जसवंत मलिक ने कहा कि देश की सेवा करना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर पूर्व आईएएस महेंद्र सिंह, पूर्व ज़िला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा, सुरजीत मलिक, विजय सिंह रोहज, पालेराम जागलान, मनोज शेरा आदि उपस्थित रहे।

### युवक ने की किशोरी के साथ छेड़छाड़

**यमुनानगर।** गांधीनगर थाना क्षेत्र की एक कालोनी में युवक ने 15 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। आरोप है कि एक दिन आरोपी युवक किशोरी को अपने घर ले गया। जहां आरोपी ने उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया।

जानकारी के अनुसार गांधी नगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी को कालोनी का ही प्रकाश कुमार परेशान कर रहा है। जब भी बेटी घर से बाहर निकलती है। आरोपी उसका पीछा करता है। रास्ता में रोककर उसके साथ छेडछाड़ करता है। एक दिन आरोपी उनकी बेटी को जबरदस्ती बाइक पर बिठाकर अपने घर लेकर गया। जहां उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया। किसी तरह से बेटी वहां से बचकर भाग निकली।

# फसल अवशेषों में आग लगाने पर 3 लोगों पर किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

■ आग लगाने वाले किसानों पर सेटेलाइट के माध्यम से निगरानी रखी जा रही

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुरेंद्र मलिक ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में फसल अवशेषों में आग लगाने वाले किसानों पर सेटेलाइट के साथ-साथ अन्य अधिकारियों के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। हरसेक के माध्यम से जिले में अब तक 102 जगहों पर फसल अवशेषों में आग लगाने की सूचना मिली है। इन 102 जगहों में 91 जगहों पर आग लगाने की सूचना सही मिली है, जिनमें 78 जगहों पर कृषि भूमि पर आग लगाई गई हुई मिली, जिसके तहत 3 केसों में लोगों के चालान करके 7500 रुपए जुर्माना लगाया गया है और 13 मामलों में कार्रवाई की जा रही है। डीडीए डा. सुरेंद्र मलिक ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी फसल अवशेषों में आग लगाने वालों पर अपनी पैनी निगाह रखेंगे । इन आदेशों की अवहेलना नहीं होनी चाहिए। अगर कोई किसान या व्यक्ति फसल अवशेषों में आग लगाता है तो तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाए।

सीआरएम स्कीम के तहत कृषि विभाग की तरफ से आईईसी एक्टिविटी का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से किसानों को फसल अवशेषों में आग ना लगाने के फायदों और नुक्सान के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

खबर संक्षेप

## होटल में ठहरे युवक पर किया हमला

**यमुनानगर।** जगाधरी के हुडा सेक्टर-17 स्थित होटल में ठहरे जिला भिवानी के नाथुवास गांव निवासी शिवम पर आधा दर्जन युवकों ने हमला कर दिया। जिला झज्जर के थाना जखोदा के अशोदा गांव निवासी मोहित शर्मा ने सेक्टर-17 हुडा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त जिला भिवानी के नाथुवास गांव निवासी शिवम अपने किसी निजी काम से नौ मई को यमुनानगर अया था। रात को उन्होंने हुडा सेक्टर-17 में होटल में ठहरने के लिए एक कमरा किराये पर ले लिया। जब वह अपने कमरे पर आराम कर रहे थे तो एकदम से होटल का गेट खड़काने की आवाज आई। उनके कमरे के पास निक्का नाम का लड़का रुका हुआ था। तभी गेट खोल कर लड़के होटल में घुस गए और निक्का सिंह के बारे में पूछने लगे। वह कह रहे थे कि उन्हें निक्का से पैसे लेने हैं। वह घबरा कर दोस्त शिवम व होटल कर्मचारी शुभम के साथ बाहर आ गए। रात करीब ढाई बजे वह पांच-छह लड़के होटल के बाहर खड़े थे। उन लड़को ने शिवम के साथ मारपीट शुरू कर दी। सुएं से उसके शरीर पर कई वार किए। साथ ही शिवम के सिर पर ईंट से भी वार किया और जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए।

## युवा मंडल इंदिरा बाजार का रवि मेहता बने अध्यक्ष

**पानीपत।** युवा मंडल इंदिरा बाजार, पानीपत के सभी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में मोहिंद्र कुमार हुरिया को युवा मंडल इंदिरा बाजार का चेयरमैन चुना गया। जबकि रवि मेहता अध्यक्ष, गौरव नंदवानी व यश गाबा उपाध्यक्ष, दीपांश मिगलानी महासचिव, विशाल जुनेजा, तरुण मोनू नारंग, अमित सेठी को सचिव, राजकुमार दुरेजा को प्रबंधक, संचित पुगला को मीडिया प्रभारी बनाया गया।

## हमेशा हर हाल में खुश रहे

**पानीपत।** आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर में ऑफ लिविंग शिक्षिका व स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान द्वारा हैप्पीनेस कोर्स करवाया गया। कुसुम धीमान द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को योगा, प्राणायाम व मेडिटेशन करवाई गई व जीवन के दो स्तरों की व्याख्या की गई। उनके द्वारा बताया गया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए किन ऊर्जा स्त्रोतों की आवश्यकता होती है व शरीर को कैसे स्वस्थ रख सकते।

### विश्व समता स्कूल यमुनानगर का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

# छात्र भानू प्रताप ने दसवीं कक्षा की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में किया टॉप


छात्र भानू प्रताप


छात्रा प्रतिमा


छात्रा रागिनी


छात्रा आंचल

## स्कूल के 64 बच्चों को मिला मैरिट में स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विश्व समता स्कूल (गांधीनगर) यमुनानगर के छात्र भानू प्रताप ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। वहीं, स्कूल के 64 बच्चों की मेरिट आई है। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर स्कूल की प्रिंसीपल पूनम तंवर, प्रबंधक व स्टॉफ सदस्यों ने खुशी जताई है और बच्चों को मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई और शुभकॉमनाएं दी हैं। स्कूल की प्रिंसीपल पूनम तंवर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी उनके स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल के छात्र भानू प्रताप ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया है। वहीं, छात्रा प्रतिमा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया है। जबकि दो छात्राओं रागिनी व आंचल ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि खुशी की बात यह है कि स्कूल के 64 बच्चों की मेरिट आई है। वहीं, 34 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने सभी बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रिंसीपल पूनम तंवर ने बताया कि उनके स्कूल ने अब तक दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणामों में कई बार जिला में टॉप कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस बार भी बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन कर स्कूल के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने बच्चों, उनके अभिभावकों व अध्यापकों समेत स्टॉप सदस्यों को बधाई और शुभकॉमनाएं दी।

## शत प्रतिशत रहा नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम

### छात्रा वंशिका ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


छात्रा वंशिका


छात्रा मानसी


छात्रा आयुषी

हरियाणा बोर्ड ऑफ सैकेंडरी एजुकेशन द्वारा आज घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में नैशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल कैम्प (यमुनानगर) का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशी जताई है। विद्यालय प्रबंधक निर्मल पुंडीर ने बताया कि छात्रा वंशिका ने 96 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, मानसी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व आयुषी ने 94 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा तनिश ने 92.4 और सुमित ने भी 90.2 प्रतिश से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि बच्चों ने प्रत्येक विषय में शानदार प्रदर्शन करते हुए गणित मे 99 प्रतिशत, विज्ञान मे 99 प्रतिशत, सामाजिक अध्ययन 98 प्रतिशत, पंजाबी में 98 प्रतिशत, हिन्दी 96 प्रतिशत व इंग्लिश में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रबंधक निर्मल पुंडीर ने इस शानदार सफलता पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने बच्चों को आगामी परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट अंक हासिल करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय अकादमिक उत्कृष्टता के साथ साथ छात्रों में चरित्र निर्माण और सामाजिक मूल्यों को विकसित करने पर भी जोर देता है।

## महाराणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

- छात्रा अंकिता ने स्कूल में प्राप्त किया प्रथम स्थान
- स्कूल का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहने पर बच्चों, अभिभावकों व स्टॉफ सदस्यों ने बांटी मिठाई

**यमुनानगर।** महाराणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाचरौन(यमुनानगर) का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल प्रबंधक साहब सिंह व स्टॉफ सदस्यों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशी जताई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधक साहब सिंह ने बताया कि गत वर्ष की तरह इस बार भी दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है और बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि दसवीं कक्षा की छात्रा अंकिता ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में प्रथम स्थान, मतलूब ने द्वितीय व अनुज ने तृतीय स्थान हासिल किया है। जबकि मंजीत ने चतुर्थ स्थान हासिल करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि स्कूल के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में 70 से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने बच्चों को बधाई और शुभकॉमनाएं दी।

## 92.2 प्रतिशत अंक लेकर रेधिमा रही स्कूल में अव्वल

- न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शत प्रतिशत रहा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दसवीं कक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहने पर बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशी जताते हुए प्रधाचार्या व चेयरमैन।


छात्रा रेधिमा


छात्रा नंदिनी


छात्रा राशि सिंह

न्यू हैप्पी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के 10वीं कक्षा के परिणामों में विद्यालय की छात्र रेधिमा ने सर्वाधिक 92.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। जबकि नंदिनी 90 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे तथा राशि सिंह 89.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन घनश्याम शर्मा ने बताया कि 10वीं कक्षा में कुल 58 बच्चों ने परीक्षा दी थी। जिनमें रेधिमा ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहला, नंदिनी ने 90 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा राशि सिंह ने 89.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि प्राची ने 89.4, सांची सिंह ने 87.8, गगनदीप कौर ने 85.4, दिशा ने 85.2, अदीति व मुस्कान ने 85, मोहित ने 84.6, राधिका कपूर ने 84.2, हर्षित कुमार ने 83.6, शिवम ने 83.6, शिवानी ने 83.4, वरखा ने 83, छवि ने 82.6, रोहित ने 82.4, अशमीर कौर ने 82.2, विवेक रॉय ने 81.6, निशा ने 80.6ए तरनप्रीत सिंह ने 79.4, कुलविन्द्र ने 78.6,अरमान ने 78.4, प्रीति ने 78, रणजोत कौर ने 77.8, भारती ने 77.4, आलेख ने 77.2, डिम्पल ने 77.2, अनन्या भारती ने 77, आर्यन ने 76, पूर्णिमा ने 75.8 तथा हर्षदीप सिंह ने 75.2 प्रतिशत अंक लेकर कीर्तिमान स्थापित किया।

स्कूल की प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने बताया कि स्कूल के 32 बच्चों ने मैरिट श्रेणी हासिल की। रेधिमा ने विज्ञान विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

नंदिनी ने गणित व फिजिकल एजुकेशन में 98 प्रतिशत, सांची ने विज्ञान विषय में 96, प्राची ने गणित में 95, राशि सिंह ने गणित में 95, रेधिमा ने पंजाबी में 95 प्रतिशत अंक अर्जित किए। प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का, मोनिका शर्मा व विश्वास शर्मा ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। यदि उन्हें स्कूल स्तर पर ही आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा मिलती रहे तो निःसंदेह वह भविष्य में अपना व अपने परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं।

## स्टर-वे वमा स्कूल का शानदार परिणाम

- स्कूल की छात्रा जानवी ने 96 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** स्टार-वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी में दसवीं कक्षा का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहने पर बच्चों को मिठाई खिलाते हुए स्टॉफ सदस्य।

स्टार-वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहने पर विद्यार्थियों, स्टॉफ सदस्यों व उनके अभिभावकों ने खुशी जताई है। स्कूल की चेयरपर्सन लता कांबोज व प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने सभी बच्चों को बधाई और शुभकॉमनाएं दी हैं। स्कूल की प्रधानाचार्या दीपमाला कांबोज ने बताया कि उनके स्कूल के दसवीं कक्षा के 50 बच्चों ने वार्षिक परीक्षा दी थी। जिनमें सभी बच्चों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि छात्रा जानवी ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, छात्रा दृष्टि ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और तनिष ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है। जबकि दो बच्चों खुशबू और आर्यन ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि स्कूल के 10 बच्चों ने 90 से 100 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए हैं। वहीं, 22 बच्चों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए हैं। जबकि 12 बच्चों ने 70 से 80 प्रतिशत के बीच और 6 बच्चों ने 65 से 70 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य दीपमाला कांबोज ने सभी बच्चों को बधाई दी और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया। मौके पर स्कूल की चेयरपर्सन लता कंबोज ने बच्चों को आहवान किया कि वह आगामी परीक्षाओं के लिए भी इसी तरह मेहनत और लगन से पढ़ाई करके अच्छे अंक प्राप्त करें। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकमनाएं दी। गत वर्ष भी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा था और स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया था।

## वोटर के अधिकारों को सशक्त बनाने में केवाईसी एप है मददगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने एप की दी जानकारी

चुनाव आयोग द्वारा मतदाता को सशक्त बनाने के लिए तकनीक के युग में बड़े कदम उठाए हैं। चुनाव में मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं की प्रोफाइल से अवगत हो सकें। इसके लिए आयोग ने स्पेशल केवाईसी (नो योर कैंडिडेट) एप की शुरुआत की है। जिससे मतदाता चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन में दर्ज जानकारी को देख सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एंव उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा जारी ऐप के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। आयोग द्वारा केवाईसी एप शुरू की गई है। जो चुनाव प्रक्रिया में काफी अहम रोल रखती है। इस ऐप के जरिए कोई भी व्यक्ति स्वयं के लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि समूचे भारत की लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामांकन पत्र देख सकता है। उम्मीदवारों द्वारा नामांकन में दर्ज की गई विस्तृत जानकारी इस ऐप के माध्यम से देखी जा सकती है।

## शिक्षा क्षेत्र में नई तकनीकों का उपयोग करना जरूरी

- होली मदर पब्लिक स्कूल में हुआ एक दिवसीय टीचर्स वर्कशॉप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करती स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप।

होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर में सीबीएसई द्वारा एक दिवसीय टीचर्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने की। वहीं, वक्ता के रुप में शिवाली व अमिता सचदेवा ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। मौके पर विद्यार्थियों ने वेलकम गीत गाकर सभी का स्वागत किया। प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जो शिक्षा के विभिन्न पहलुओं को समझने में मदद करती हैं। शिक्षकों को विभिन्न विषयों पर क्लासरूम में अध्यापन करने के लिए नई तकनीकों और उपकरणों का उपयोग करने की शिक्षा दी गई। यह गतिविधियाँ शिक्षा के उद्देश्यों और अधिगम स्तर को प्राप्त करने की क्षमता को विकसित करने में मदद करती हैं। कार्यशाला में भाग लेने वाले शिक्षक न केवल उत्साहित थे। बल्कि उनमें शिक्षा के प्रति नया दृष्टिकोण और आत्मविश्वास भी दिख रहा था।

### प्रश्नों का भी समाधान किया

मौके पर वक्ता शिवाली और अमिता सचदेवा ने अपनी विशेषज्ञता के साथ शिक्षकों को शिक्षा के माध्यमों और उनके प्रभावी उपयोग के बारे में बताया। साथ ही शिक्षकों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी समाधान किया। स्कूल प्रधानाचार्या मोनिका कश्यप ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सीबीएसई का धन्यवाद किया। स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षकों को नवीनतम शिक्षा विधियों और तकनीकों के साथ अवगत कराने के लिए मदद करेंगे। मौके पर स्कूल निदेशक एडवोकेट विश्वास शर्मा आदि मौजूद रहे।



## डांस प्रतियोगिता में शालिनी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**रादौर।** रोटरी क्लब वूमेन्स व इनरव्हील क्लब रादौर के संयुक्त तत्वावधान में कस्बा के आर्य समाज मंदिर में मातृ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी कुलविंदर कौर ने मुख्यातिथि के तौर पर किया। रोटरी क्लब वूमेंस की प्रधान पूजा माटिया व इनरव्हील की प्रधान नीलम बंचल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मंच संचालन रोटेरियन लक्ष्मी चोपड़ा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रिंसिपल निर्मल खुराना लाडवा व एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर की प्रिंसिपल अंजू गुलाटी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रोजेक्ट चेयरमैन लक्ष्मी चोपड़ा, लीला रोहिला, सुमन शर्मा, रानी सैनी, वीना चोपड़ा व खुशी ककड संयुक्त रुप से बताया कि कार्यक्रम में माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। डांस प्रतियोगिता में शालिनी प्रथम, सोनिया द्वितीय व वैशाली तृतीय स्थान पर रही। संतोष को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### जगाधरी में आयोजित किया धार्मिक संत समागम कार्यक्रम

# प्रकृति है परमात्मा का विस्तार स्वरूप: भारती

- संस्थान की साध्वी नीरू भारती ने साध संगत को परमात्मा के वास्तविक रुप के महत्व से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में परमात्मा के वास्तविक रुप के महत्व को समझाते हुए साध्वी। *फोटो: हरिभूमि*

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में धार्मिक संत समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी नीरू भारती ने साध संगत को परमात्मा के वास्तविक स्वरूप के महत्व से अवगत करवाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया। साध्वी नीरू भारती ने फरमाया कि प्रकृति परमात्मा का विस्तार स्वरूप है। एक निराकार और दूसरा साकार है लेकिन मानवए जो सृष्टि की सिरमौर रचना है। वह अहम् के कारण इन्हें अलग-अलग देखता है। मनुष्य के भीतर अहम् के कारण ही द्वैत भाव उत्पन्न होता है। जिससे वह परमात्मा को और परमात्मा की प्रकृति को यथा स्वरूप नहीं देख पाता है और सदैव माया के आवरण में फंसा हुआ भ्रमित रहता है। यही मानव जीवन की सभी समस्याओं का मूल है। क्योंकि आत्मा और परमात्मा के बीच में अहम् का पर्दा है। अहम् को मिटाने पर ही जीव को आत्म साक्षात्कार होता है और परमात्मा के वास्तविक स्वरूप का अनुभव हो पाता है। साध्वी ने कहा कि हम कितना भी प्रयास क्यों न कर लें हम अपने पुरुषार्थ से अहम रूपी विकार से मुक्ति नहीं प्राप्त कर सकते हैं। क्योंकि हम दान, पुण्य, व्रत, उपवास, पूजा पाठ जो भी कार्य करते हैं। उनसे हमारे अहम में वृद्धि होती है और हम स्वयं को श्रेष्ठ मानना शुरू कर देते हैं। जब एक ब्रह्मनिष्ठ गुरु हमें ब्रह्मज्ञान की दीक्षा प्रदान करके परमात्मा का प्रकाश स्वरूप हमारे अंतर्घट में ही दिखाते हैं। इसके बाद साधक गुरु आज्ञा में रहते हुए ब्रह्मज्ञान की निरंतर ध्यान साधना के द्वारा अपने अहम भाव को पूर्णतः तिरोहित करके सृष्टि के सत्य को जान लेता है। लेकिन अहम का त्याग तभी संभव है जब हम परमात्मा के साकार स्वरूप गुरु की शरणागत होकर मन, वचन, कर्म से समर्पित होकर अपने जीवन को सकारात्मक रूप से परिवर्तित करने के लिए तैयार हों।

## वॉकथॉन में उमड़ा जनसैलाब

- नगराधीश पियूष गुप्ता ने वॉकथॉन का हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- कार्यक्रम में प्रतिभागियों को मतदान करने के लिए दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


**यमुनानगर।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित वॉकथॉन में मतदान करने के लिए शपथ लेते हुए प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरुकता के लिए रविवार सुबह को वॉकथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जिला उप निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम पियूष गुप्ता ने भाग लिया। उन्होंने वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया। वॉकथॉन में स्कूल बच्चे, खिलाड़ी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समेत अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर वॉकथॉन में शामिल प्रतिभागियों को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी पियूष गुप्ता ने बताया कि वॉकथॉन के माध्यम से जिला प्रशासन का यह प्रयास रहेगा कि आगामी 25 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी जिला में मतदाता जागरूकता के अनेक प्रयास जारी है। इससे पहले पार्क, शिक्षण संस्थाओं में कैंपस एंबेसडर आदि के माध्यम से जिला के मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### कैलाशो सैनी ने भाजपा छोड़ थामा कांग्रेस का दामन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की पूर्व सांसद व भाजपा नेता कैलाशो सैनी रविवार को कांग्रेस में शामिल हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलवाई। करीब साढ़े 4 वर्ष पहले कैलाशो सैनी ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाइन की थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला की मौजूदगी में दिल्ली में कैलाशो सैनी ने भाजपा का दामन थामा था। लोकसभा चुनाव में कैलाशो सैनी टिकट की दावेदार थी लेकिन भाजपा ने एन मौके पर उद्योगपति व पूर्व सांसद नवीन जिंदल को पार्टी में शामिल करवाकर कुरुक्षेत्र लोकसभा की टिकट दे दी।

### भाजपा को पसंद नहीं करती जनता : अशोक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि साढ़े 9 वर्षों तक हरियाणा के लोगों पर लाठियां बरसाने वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार को प्रदेश की जनता कतई पसंद नहीं करती। इस बार जनता भाजपा सरकार को देश व प्रदेश से चलता करेगी और भारी बहुमत से देश व हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी। वे गांव कसेरला में पूर्व सरपंच स्व. चेतन सिंह के पुत्र पूर्व सरपंच जितेंद्र सिंह समेत सैकड़ो लोगों को कांग्रेस में शामिल करवाने के उपरांत संबोधित कर रहे थे।

### इनसो अध्यक्ष दीपेंद्र बराड़ ने दिया इस्तीफा

**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी को एक और झटका लगा है। जेजेपी के छात्र संगठन इनसो के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालयमें लगातार पांच साल अध्यक्ष रहे व जिला फतेहाबाद से जिला अध्यक्ष दीपेंद्र बराड़ ने अपने पद व पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देसवाल को सौंपा है।

### जागरण में मां की भेंटों पर झूमे भक्तजन

**कुरुक्षेत्र।** शास्त्री नगर स्थित त्रिकोण पार्क में शनिवार रात्रि को जय मां जगदम्बा युवा क्लब की ओर से 10वां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर रात्रि को विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर भजन गायक अर्जुन एंड पार्टी द्वारा महामाई का गुणगान किया गया। जिसमें ललित लाली ने महामाई का गुणगान किया। प्रसिद्ध भजन गायकों ने भजनों से अपनी प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। भजन गायक के भजन मुझे मां से गिला, मिला ये ही सिला बेटियां क्यों पराई हैं पर मौजूद श्रद्धालु भावुक हो उठे और उनकी आंखों में आंसू आ गये।

### दिव्य महाआरती अनुष्ठान 16 मई से

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। शिवशक्ति जनकल्याण सेवा समिति, बिशनगढ़ द्वारा झांसा रोड स्थित गांव बिशनगढ़ में जनकल्याणार्थ 11 कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं दिव्य महाआरती अनुष्ठान 16 से 23 मई तक आयोजित होगा। महायज्ञ को लेकर रविवार को आयोजन समिति की बैठक हुई जिसमें तैयारियों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। आयोजन समिति सदस्य राजेश मौदगिल, ने बताया कि राज राजेश्वरी भगवती मां त्रिपुर सुंदरी के आशीर्वाद से गांव बिशनगढ़ के शिव मंदिर के समीप चौपाल के सामने यह अनुष्ठान किया जा रहा है जोकि त्रिपुरा पीठाधीश्वर यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज के पावन सान्निध्य में होगा।

### मतदान केंद्रों पर गर्मी से बचाव के होंगे प्रबंध

**कुरुक्षेत्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए 25 मई को मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर विशेष प्रबंध किए जाएंगे। हीट वेव से बचाव हेतु तथा छाया के लिए टेंट, पंखे, पीने का पानी सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी ताकि बहुत अधिक भीड़ मतदान केंद्र पर न हो और मतदाता को अपना वोट डालने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े।

## हरियाणा शिक्षा बोर्ड का 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित, स्कूलों का रहा शानदान परिणाम

# 9456 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, 9099 रहे उत्तीर्ण 267 की कम्पार्टमेंट, 90 रहे एसींसीयल रिपीट







महंत प्रभातपुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा का परिणाम रहा शानदार

### नेहा, अनुष्का व हिमांशु ने प्राप्त किए 98.2 प्रतिशत अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा रविवार को 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें जिला का परीक्षा परिणाम 96.22 प्रतिशत रहा। जिला के 9456 विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा दी थी जिसमें से 9099 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। 267 विद्यार्थियों की कम्पार्टमेंट रही व 90 विद्यार्थी एसींसीयल रिपीट रहे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम रविवार को घोषित किया गया इसमें पिहोवा के शिव शिक्षा निकेतन स्कूल की नेहा कुमारी ने 98.2% अंक लेकर दसवीं में टॉप किया। वही श्रीब्रह्मर्षि विद्या मंदिर के विद्यार्थी अनुष्का व हिमांशु ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल व जिले का नाम रोशन किया। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने दसवीं का परिणाम घोषित किया जिसमें शिव शिक्षा निकेतन स्कूल की छात्रा नेहा कुमारी ने 491 (98.2%) अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। श्वेता ने 483 (96.6%) जसप्रीत कौर ने 482 (96.4%) अंक हासिल किए। विद्यालय का परिणाम 100% रहा तथा 50% बच्चों ने मेरिट हासिल की है। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका डॉक्टर सुमिता मित्तल ने बताया कि विद्यालय हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पिछले वर्ष कशिश ने दसवीं में कुरुक्षेत्र में टॉप किया था। इस वर्ष नेहा कुमारी ने कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने सभी अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय के एमडी सोहनलाल मित्तल, लाजवंती मित्तल अभिभावक एवं अध्यापक मौजूद रहे।

### सोनाक्षी ने प्राप्त किए 95.4% अंक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जय भारती विद्या मंदिर की सोनाक्षी 95.4% अंक लेकर विद्यालय में पहले स्थान पर रही, रितेश 94% अंकों के साथ दूसरे स्थान पर तथा आसिफ अली 89% अंकों के साथ विद्यालय में तीसरे स्थान पर रहा। सात विद्यार्थी 80% से 90% के बीच अंक प्राप्त करने में कामयाब रहे। गत वर्षों की भांति विद्यालय का परिणाम 100% रहा तथा कुल 9 विद्यार्थी 80% से ऊपर अंक प्राप्त कर मेरिट में स्थान बनाने में कामयाब रहे। इस वर्ष विद्यालय से कुल 27 विद्यार्थियों ने दसवीं की बोर्ड की परीक्षा दी थी तथा सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहने में कामयाब रहे। इस प्रकार गुणात्मक रूप से विद्यालय का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सर्वोत्तम रहा। गुरुजनों ने सभी विद्यार्थियों का मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया। विद्यालय की प्राचार्या नेहा शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि इसी प्रकार गुरुजनों के मार्गदर्शन में सतत व नियमितरूप से पढ़ाई करने व मेहनत करने से ही प्रत्येक विद्यार्थी अपनी मंजिल को प्राप्त कर सकता है। विद्यालय के डायरेक्टर ओम गोपाल शर्मा ने सभी विद्यार्थियों तथा गुरुजनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### माही ने 97.20 व खुशबू ने प्राप्त किए 97 प्रतिशत अंक

**कुरुक्षेत्र।** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभातपुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम एक बार फिर शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि इस बार कुल 27 छात्राओं ने इस परीक्षा में भाग लिया था जिसमें 10 बच्चों ने 90 प्रतिशत तथा 08 बच्चों ने 80 से 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर इतिहास रचा। अन्य सभी छात्राएं भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। राठोर ने बताया कि माही 486 अंक प्राप्त कर प्रथम, खुशबू 485 अंको से द्वितीय तथा चारू व रक्तिमा प्रत्येक 472 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। अंकिता पंजाबी मे शत प्रतिशत अर्थात 100, माही अंग्रेजी में 99, चारू व खुशबू प्रत्येक हिंदी में 98, तथा कंचन ने संगीत में 98 अंक हासिल कर के कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय अध्यक्ष महंत वंशी पुरी ने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने पर प्राचार्य व स्टाफ को बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रबंधक सुनील सचदेवा ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि स्टाफ व बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर उप प्राचार्य मंजुला शर्मा, डा संतोष शर्मा, रेखा धीमान, सरिता शर्मा, ज्या वत्स, हैड टीचर सुशीला देवी, अनु पाहवा, अनिता वालिया, सुमन धीमान, तमन्ना धमीजा, मनप्रीत वर्मा, ज्योति रानी, मोनिका माटा, अनूप शर्मा, आलिषा अरोडा, बिंद्दु, पिंकी रानी, सीमा शर्मा, मधु शर्मा व महेंद्र सैनी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### दिव्या लक्ष्मी ने पाए 98 प्रतिशत अंक लेकर किया विद्यालय का नाम रोशन



**पिहोवा।** श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सानिध्य में चल रही भारतीय शिक्षा समिति के बाबा श्रवणनाथ विद्यालय के विद्यार्थियों का दसवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत- प्रतिशत, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा दसवीं कक्षा का परिक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें 47 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। दिव्या लक्ष्मी 98 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट को हासिल किया। ऐसे ही अविशा ने 95.4 प्रतिशत, गौरव 93.8 प्रतिशत, दीपांशु 93.2 प्रतिशत, प्राची 92.2 प्रतिशत, दीपांशु ( संदीप कुमार )92 प्रतिशत, शिव 91.8 प्रतिशत, सिमरन 89.6 प्रतिशत, मुस्कान 88.4 प्रतिशत, मनिंदर 88.2 प्रतिशत, लक्ष्य सैनी 84.8 प्रतिशत, रुद्राक्ष 84.2 प्रतिशत, चंद्रावती 83.6 प्रतिशत, लव कुश 83 प्रतिशत, साहिल 83 प्रतिशत, शिवम 83 प्रतिशत, सृष्टि 82.6 प्रतिशत,गुरप्रीत 82.4 प्रतिशत,पूनम 81.2 प्रतिशत, सृष्टि (भारत भूषण) 80 प्रतिशत इसके साथ ही 4 विद्यार्थियों विश्वजीत, महक, हरे कृष्ण, नितिन ने 75 प्रतिशत से ऊपर अंक लिए और 16 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की मेहनत और उत्साह को देखते हुए भारतीय शिक्षा समिति के सचिव भूषण गौतम व विद्यालय की प्राचार्या डॉ सुदेश कुमारी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों ने वाटर पार्क का किया भ्रमण



**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लगभग 330 विद्यार्थियों को वाटर पार्क यमुनानगर का भ्रमण के लिए ले जाया गया। प्राचार्य डॉ आरएस घुम्मन ने विद्यार्थियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए तथा अनुशासन में रहने के लिए कहा और स्कूल परिसर से बच्चों को रवाना किया। उन्होंने बताया कि स्कूल के माहौल से हटकर कभी कभी ऐसे माहौल बनाने से बच्चों में खुशी की भावना बनी रहती है। वाटर पार्क में बच्चों ने खूब मस्ती की और भिन्न भिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लिया। बच्चों ने वाटर पूल में संगीत की धुंनों पर नृत्य भी किया। विद्यार्थियों के साथ 20 शिक्षकों ने भी वाटर पार्क का भ्रमण किया। इस अवसर पर स्कूल कोऑर्डिनेटर्स मनिंदर सिंह घुम्मन, मोनिका घुम्मन, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, उपप्राचार्य वीरेन्द्र सिंह सहित स्कूल स्टाफ मौजूद था।

## धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव

- कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष गॉड ने की
- भगवान परशुराम 36 बिरादरी के आराध्या : कार्तिकेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भजनों पर झूमते गणमान्य।

साधु मंडी के ब्राह्मण समाज द्वारा रविवार को सेक्टर 13 के हनुमान मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष गॉड ने की। मंच का संचालन डीपी शर्मा द्वारा किया गया। कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम 36 बिरादरी के आराध्या है हम उनके वंशज हैं इसलिए हम इस उत्सव को बड़े धूमधाम से मनाते है। पवन शर्मा पहलवान ने कहा कि मैं ब्राह्मण समाज के लिए हमेशा तत्पर हो जब भी मेरे को आवाज लगेगी मैं उनकी सेवा के लिए तैयार हूं। बैंक अधिकारी वीके प्रभाकर ने भी ब्राह्मण सभा को बधाई दी और सन्देश दिया कि समाजसेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। इस अवसर पर राजेंद्र शर्मा, रामनाथ शर्मा, शकुंतला शर्मा , चंद्रमणि अत्रे , अमित शर्मा , विवेक शर्मा गुलशन शर्मा, पंकज शर्मा व समस्त समाज के साथी गण मौजूद थे।

## कुरुक्षेत्र के लिए नवीन जिन्दल को विजयी बनाएं : सावित्री जिन्दल



**कुरुक्षेत्र।** चुनाव की बढ़ती सरगर्मियों के बीच हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिन्दल ने थानेसर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जनसभाओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नवीन जिन्दल के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 25 मई को कमल के फूल के आगे का बटन दबाकर विकसित कुरुक्षेत्र विकसित भारत का सपना साकार करें। आज अपने दौरे में उन्होंने एक रक्तदान शिविर में युवाओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि रक्तदान, महादान है। जिन्दल ने कहा कि वह पहले भी कुरुक्षेत्र लोक सभा की सेवा कर चुके हैं इस बार नई योजनाओं के साथ आपकी सेवा करने आ रहे हैं। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के दस वर्ष का ब्योरा पेश करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। नरेंद्र मोदी की वजह से पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ा। आज कुरुक्षेत्र की जनता को नवीन जिन्दल जैसा हीरा देकर मोदी ने कुरुक्षेत्र के विकास की नई गाथा लिखने की ठानी है, इसलिए 25 मई को कमल के सामने का बटन दबाकर नवीन जिन्दल को भारी मतों से विजयी बनाएं। यहां मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, दीपक चौहान, राम मेहर, उमा सुधा, मोहन लाल अरोड़ा, दरबारा सिंह, विशाल शर्मा, प्रीतम सिंह नंबरदार, जितेंद्र, राजेश सिंगला, अश्विनी जैन आदि मौजूद रहे।

## गीता ज्ञान संस्थानम में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

- डॉक्टरों की टीम ने 73 यूनिट रक्त एकत्रित किया

महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में कार्य कर रही श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा सेवा-सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में गीता ज्ञान संस्थानम् में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त उपायुक्त एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की सी.ई.ओ. डा. वैशाली शर्मा के साथ 48 कोस तीर्थ कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, समाजसेवी रूबल शर्मा, प्रसिद्ध उद्योगपति संजीव सीकरी एवं महेंद्र सिंगला ने दीप प्रज्वलन करके किया। जीओ गीता एवं श्री कृष्ण गवर्नमेंट आयुर्वैदिक कॉलेज के पूर्व छात्र संगठन एस.के.जी.एस. एल्यूमिनी एसोसिएशन के पारस्परिक सहयोग से आयोजित सेवा-सद्भावना दिवस रक्तदान शिविर में एल.एन.जे.पी. अस्पताल की कुशल डॉक्टरों की टीम ने 73 यूनिट रक्त एकत्रित किया। जीओ गीता एवं गीता ज्ञान संस्थानम् के प्रमुख सदस्य विजय नरूला ने बताया कि 15 मई को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के जन्मोत्सव को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए पूरे भारत ही नहीं अपितु विश्व भर के जीओ गीता परिवार इस उपलक्ष्य में अपने-अपने स्तर पर सेवा प्रकल्पों का आयोजन कर रहे हैं।

## आदि गुरु शंकराचार्य अद्वैत वेदांत के प्रणेता : श्रीप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



- भगवान श्रीआदिगुरु शंकराचार्य का स्थान निश्चित रूप से सर्वोपरि

वेदोक्त सनातन, शाश्वत जीवन दर्शन एवं धर्म के आचार्यों में भगवान श्रीआदिगुरु शंकराचार्य का स्थान निश्चित रूप से सर्वोपरि है। उनके द्वारा प्रदत्त उदार जीवन दर्शन एवं उनके द्वारा किए गए अथक प्रयासों से, विविध विघटित संप्रदायों को सत्य के एक सूत्र में पिरोया गया शंकराचार्य को हम भगवान के अवतार की तरह इसलिए स्वीकार करते है, क्योंकि जो महान कार्य उन्होंने अत्यंत लगभग बत्तीस वर्ष की अल्पायु में किये वह एक साधारण मानव के लिए असंभव प्रतीत होते है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष्य में आश्रम परिसर में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा प्रदत्त अद्वैत वेदांत के मार्ग को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आदि गुरु शंकराचार्य अद्वैत वेदांत के प्रणेता, संस्कृत के विद्वान, उपनिषद व्याख्या और सनातन वैदिक धर्म के प्रचारक थे।

## वात्सल्य वाटिका में श्रीसुखमनी साहिब जी का किया पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



वात्सल्य वाटिका ब्रह्मा कालोनी में जन कल्याण हेतु श्रीसुखमनी साहिब जी का पाठ किया गया। वात्सल्य वाटिका के प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने बताया कि श्रीसुखमनी साहिब जी का पाठ सुबह 6 बजे आरंभ हुआ। यह पाठ सेक्टर तीन स्थित संस्था श्रीसुखमनी साहिब सोसायटी द्वारा किया गया। पाठ के समापन पर गुरबाणी शब्द कीर्तन किया गया। अंत में श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष सरबत के भले हेतु अरदास की गई। सभी को प्रसाद वितरण किया गया। संगत के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई। श्री सुखमनी साहिब सोसायटी द्वारा वात्सल्य वाटिका के संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक को सम्मानित किया गया। स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर वात्सल्य वाटिका ट्रस्ट प्रधान ओम प्रकाश मित्तल, परविंदर कौर और वात्सल्य वाटिका के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### गोलपुरा और शहजादपुर पट्टी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

# पम्पलेट वितरित कर मतदाताओं को किया जागरूक : सुभाष

- मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मौलिक अधिकार
- प्रत्येक को अपने मत के अधिकार का प्रयोग करने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। मतदाताओं को पम्पलेट वितरित करते सुभाष कलसाना व अन्य।

शाहबाद के समाजसेवी व नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन के सरंक्षक सुभाष कलसाना ने बताया कि लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओ को जागरूक करने के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन ने विधानसभा शाहबाद के गांव जैनपुर, गोलपुरा और शहजादपुर पट्टी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में लोकतंत्र व मताधिकार की महत्वता के साथ शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिखे पम्पलेट वितरित करके मतदाताओं को राष्ट्रहित में मतदान हेतु जागरूक किया। इस अवसर पर यशवंत राणा, कृष्ण धीमान,अमित कलसाना, संदीप, संजू, सन्नी,गौरव सैनी, सुमित कुमार, गुलशन निम्मा मौजूद रहे। सुभाष कलसाना ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। हम भाग्यशाली है कि हमे वोट देने का संवैधानिक अधिकार मिला है, जबकि विश्व के अनेक सभ्य कहे जाने वाले देशों में वोट का अधिकार असमान रूप से दिया गया। महिलाओं को तो इसके लिए कई सदियों तक वंचित रहना पड़ा, हम इसे हल्के में लेते है, लेकिन संविधान हमे अपने मनपसंद उम्मीदवार को वोट करने का अधिकार देता है। हमारा एक वोट सत्ता में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है, मतदाताओ को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभानी चाहिए। मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मौलिक अधिकार होता है। मतदान जरूरी नही बल्कि जीवन का अंग है,मतदान से नागरिक देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान दे सकता है। मतदान में हमारे देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि प्रत्येक वर्ष हमारे देश में लाखों युवाओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने मत के अधिकार का प्रयोग करने और शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी मोनू कुमार को गिरफ्तार किया है। दुर्गानगर के अनिल कुमार ने 28 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 मार्च 2024 को औद्योगिक क्षेत्र महेशनगर में स्थित फैक्टरी से किसी ने एल्यूमीनियम का सामान चोरी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### दुराचार के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज मारपीट कर महिला दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 25 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अजय व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए दुराचार कर जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कियाथा।

### धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक उर्फ अभि को शामिल जांच किया है। वाल्मीकि बस्ती के गौतम ने 25 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अभिषेक उर्फ अभि व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मारपीट व धमकी के मामले में तीन नामजद

**कैथल।** पूंडरी पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव खनौदा के अतुल ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि 10 मई को शाम के समय वह अपने एक दोस्त के साथ पूंडरी गया हुआ था। वहां पर आरोपी अंकित, रिंकू व आर्यन ने उन पर गंडासियों से हमला कर चोटें मारी। साथ ही उन्हें जान से मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी राकेश ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक से गेहूं की बोरी चोरी

**कैथल।** सीवन पुलिस ने ट्रक से बोरी चुराने का मामला दर्ज किया है। कैलरम निवासी सुनील कुमार ने सीवन थाना में शिकायत दी कि तीन मई को रात के समय अज्ञात आरोपी उसके सीवन मंडी में खड़े ट्रक से 80 बोरी गेहूं चोरी कर ले गए। जांच अधिकारी सतीश ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मकान से लाखों की नकदी व जेवरात चुराए

**कैथल।** गांव कठवाड़ से चोर एक मकान से लाखों का सामान चुराकर ले गए। सदर पुलिस को दी शिकायत में गांव कठवाड़ निवासी बाला देवी ने सदर थाना में शिकायत दी कि 24 अप्रैल को वह अपने बेटे से मिलने के लिए पंचकूला गई हुई थी। जब 10 मई को वह अपने घर वापस आई तो पाया कि उसके घर में चोरी हो चुकी थी। अज्ञात आरोपी उनके घर से एक लाख रुपये, सोना-चांदी के गहने और अन्य सामान चोरी कर ले गए।

---

निगम सदस्यों में विरोध, डिप्टी मेयर ने अफसरों की नीयत पर उठाए सवाल

# 27 हजार स्ट्रीट लाइटें लगाने पर विवाद 200-200 लाइटें देने से मुकरे अधिकारी

कहा सत्ताधारी पार्टी के नेताओं को फायदा पहुंचाने के लिए सदस्यों के हक में डाला जा रहा है डाका, कमिश्नर को लेटर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। वार्ड नंबर 9 में स्ट्रीट लगाने का दृश्य।

अंबाला शहर नगर निगम के 20 वार्डों में 27 हजार स्ट्रीट लाइटें लगाने का काम चल रहा है। नगर निगम ने 18 करोड़ रुपये की लागत से ये स्ट्रीट लाइटें खरीदी हैं। सभी निगम सदस्यों को निगम की ओर से 200-200 स्ट्रीट लाइटें देने की बात कही गई है। हालांकि अभी तक ज्यादातर सदस्यों को तय संख्या में स्ट्रीट लाइटें उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। खुद नगर निगम के डिप्टी मेयर राजेश मेहता समेत कई सदस्यों ने निगम अधिकारियों की नीयत पर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि अधिकारी सत्ताधारी दल के नेताओं के इशारे पर उन्हें तय संख्या में स्ट्रीट लाइटें उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं।

### आचार संहिता से पहले दिया था ऑर्डर

नगर निगम एरिया में नई स्ट्रीट लाइट्स लगाने का वर्कऑर्डर आचार संहिता से 2 दिन पूर्व दिया गया था। एजेंसी ने इस पर काम आचार संहिता के दौरान शुरू कर दिया था। निगम ने स्मार्ट स्ट्रीट लाइट्स के लिए 13.68 करोड़ रुपए का टेंडर लगाया था। यह आचार संहिता लगने से एक दिन पूर्व लगाया गया था। इसकी अंतिम तारीख 15 अप्रैल थी। आचार संहिता के बीच कोई भी नया काम शुरू नहीं किया जा सकता। फिर भी निगम की ओर से इसका वर्कऑर्डर जारी कर दिया गया। 2 एजेंसियों को अलग-अलग वर्कऑर्डर जारी किया है। निगम की ओर से हर वार्ड में जो नई एलईडी लगाई जा रही है उसकी 5 साल की वारंटी है। अगर कोई स्ट्रीट लाइट्स खराब होती है। उसे एजेंसी ही ठीक करेगी। 5 साल तक नगर निगम इनकी मेंटनेंस के लिए कोई ठेका नहीं देगा जबकि अभी तक पुरानी स्ट्रीट लाइट्स को सुधारने के लिए नगर निगम ने करीब 10 लाख रुपए प्रति माह का ठेका हुआ है।

### 18 करोड़ रुपये में खरीदी गई स्ट्रीट लाइटें

अंबाला शहर में 27 हजार नई स्ट्रीट लाइटें लगाने का काम चल रहा है।

18 करोड़ रुपए में इनकी खरीद हुई है। इसमें से 9 करोड़ नगर निगम और 9 करोड़ अर्बन लोकल बाडी ने भुगतान किया है। इनमें से 10 हजार के करीब स्ट्रीट लाइट्स निगम में शामिल हुए गांवों में लगाई जाएंगी। यह पहला मौका है जब निगम एरिया में शामिल गांवों में स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं।

### 200 की बजाय मिली 100 लाइटें

पहले नगर निगम की ओर से प्रत्येक निगम सदस्य को 200-200 स्ट्रीट लाइटें देने पर सहमति बनी थी। मगर अब निगम ने सदस्यों को केवल 100-100 लाइटें देने की बात कही है। अधिकारियों ने कहा कि 100-100 लाइटें वे अपने अनुसार हर वार्ड में लगाएंगे। इसी बात पर ज्यादातर निगम सदस्य खफा हैं। उनका आरोप है कि अधिकारी सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के इशारे पर काम कर रहे हैं। जानबूझकर सियासी फायदे के लिए वे भाजपा नेताओं के इशारे पर लाइटें लगाने के काम में अवरोध पैदा कर रहे हैं। ज्यादातर सदस्यों ने इस बात पर कड़ा ऐतराज जताया है। डिप्टी मेयर राजेश मेहता की ओर से निगम कमिश्नर को लेटर भी भेजा गया है।

### यह पूरी तरह से गलत है: मेहता

डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कहा कि लंबे समय से वे सभी वार्डों में नई स्ट्रीट लाइट लगाने की पैरवी कर रहे हैं। उनकी पैरवी के बाद निगम ने 18 करोड़ की लागत से करीब 27 हजार लाइटें खरीद भी ली हैं। पहले निगम ने सदस्यों की सहमति से हर वार्ड में 200-200 लाइटें लगाने की बात कही थी। मगर अब अधिकारी अपनी बात से मुकर रहे हैं। सदस्यों को केवल 100-100 लाइटें ही मिल पाई हैं। निगम के कुछेक अधिकारी सत्ताधारी दल के नेताओं के इशारे पर काम कर रहे हैं। वे लोकसभा चुनाव में इन नेताओं को फायदा पहुंचाना चाहते हैं। इसी वजह से इस काम में अवरोध पैदा किए जा रहे हैं।

### मुझे सिर्फ 72 लाइटें मिली: मेघा गोयल

वार्ड नंबर 9 से कांग्रेस की निगम सदस्य मेघा ईशु गोयल ने कहा कि निगम की ओर से उन्हें 200 लाइटें देने की बात कही गई है। मगर कड़ी कसरत के बाद केवल 72 लाइटें ही मिल पाई हैं। इसमें तो कोई शक नहीं कि निगम अधिकारी जानबूझकर उन्हें पर्याप्त लाइटें उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं। किसी के इशारे पर यह काम किया जा रहा है। जरुरत पड़ी तो मैं यह मुद्दा सदन में उठाउंगी।

---

# मतदान से पहले हर मतदाता सूची में चेक करें अपना नाम

- मतदाता सूची में नाम होने पर ही मिलेगा वोट का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदाता अपने मत का प्रयोग कर अपना फर्ज अवश्य निभाएं। मतदान से पहले मतदाता अपनी मतदाता सूचियों में अपने नाम की पुष्टि अवश्य कर लें।

उन्होंने बताया कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। डॉ. शालीन ने कहा है कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है। बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। उन्होंने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मॉर्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।

## लोकसभा चुनाव में हर मतदाता करें मतदान

- लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए हर नागरिक के लिए मतदान बेहद जरुरी

**अंबाला।** एडीसी एवं स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी अपराजिता ने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले अंबाला लोकसभा चुनाव में मतदाता बढ़-चढकर मतदान करें। लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है, एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है ऐसे में मतदाता अधिक से अधिक मतदान करें। एडीसी ने कहा कि चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। हमारा देश युवाओं का देश है, ऐसे में युवा शक्ति को मत की ताकत को पहचान कर अपना मतदान करना चाहिए। एडीसी अपराजिता ने कहा कि चुनाव आयोग मतदातओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अनेक सुविधाएं दे रहा है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर मतदाता अपना मतदाता पहचान पत्र, डिजिटली डाउनलोड कर सकता है। इसके अतिरिक्त सक्षम एप द्वारा अशक्त मतदाता मतदान के लिए सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता से जुड़ी सभी जानकारी वोटर हैल्पलाइन से प्राप्त की जा सकती है।

---

# मतदान से पहले हर मतदान की पहचान होगी पुख्ता, फिर उंगली पर लगेगी स्याही

- निर्वाचन अधिकारी ने जारी किए जरुरी निर्देश, मतदान के दौरान अंगूठे का निशान भी लिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वोट डालने से पहले प्रत्येक मतदाता की वास्तविक पहचान सुनिश्चित की जाएगी। पीठासीन अधिकारी व पोलिंग अधिकारी मतदाता की पहचान के बाद स्याही लगाने, मतदाता के हस्ताक्षर व अंगूठे का निशान लेने आदि कार्य करेंगे। निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने के मद्देनजर चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की पहचान को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

आयोग के आदेशानुसार वोट डालने से पहले प्रथम पोलिंग अधिकारी फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र या आयोग द्वारा निर्धारित किए गए वैकल्पिक दस्तावेजों के जरिए प्रत्येक मतदाता की पहचान सुनिश्चित करेगा। मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने के बाद उसके बाएं हाथ की सबसे पहली (अंगूठे के साथ वाली) उंगली पर स्याही का निशान लगाया जाएगा।

प्रत्येक मतदाता को अपनी पहचान व उंगली पर लगी स्याही की प्रमाणिकता के बाद चुनाव स्लिप पोलिंग अधिकारी को सौंपनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि पोलिंग अधिकारी को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक मतदाता की उंगली पर स्याही अच्छी तरह लगी हो और उसे मतदाता द्वारा साफ करने की कोशिश भी न की गई हो।

मतदान केंद्र छोडऩे से पहले प्रत्येक मतदाता की उंगली पर स्याही अच्छी प्रकार से सूख जानी चाहिए। इसके बाद ही संबंधित मतदाता के फार्म-17 ए के रजिस्टर में हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लिया जाएगा। अगर किसी मतदाता के हाथ पर कोई तेलीय पदार्थ लगा है तो उसे स्याही लगाने से पहले अच्छी प्रकार से साफ करना होगा।

---

# गीत व नृत्य से शिक्षिकाओं के साथ छात्रों ने बिखेरा जलवा

- स्कूल प्रिंसिपल सूरी बोले मां की ममता से जीवन को बनाया जा सकता है सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। मदर्स डे पर कार्यक्रम में हिस्सा लेती शिक्षिकाएं व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र।

मातृ दिवस मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल सीनियर व जूनियर विंग में बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। पहले मातृ दिवस के उपलक्ष्य मे छात्रों द्वारा विभिन्न गतिविधियां प्रस्तुत की गई। इसके माध्यम से उन्होंने अपनी मां के प्रति प्रेम प्रदर्शित किया। कक्षा तीसरी व चौथी के छात्रों ने ज्वेलरी बॉक्स बनाया। कक्षा पांचवी से आठवीं के छात्रों ने फोटो फ्रेम प्रतियोगिता में भाग लिया और मां की फोटो लगाई। कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्रों ने अपनी माता के लिए ज्वेलरी बनाई। सभी छात्रों ने प्रतियोगिताओं मे बढ़ चढ़ कर भाग लिया। मातृ दिवस का कार्यक्रम प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमन सूरी के भाषण से शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि मां की ममता और पिता के अनुशासन से किसी भी व्यक्ति को जीवन में सफल बनाया जा सकता है। बच्चों ने माता के सम्मान में कविताएं , गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। स्कूल के द्वारा माताओं लिए भी अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें माताओं ने रैंप वॉक ,नृत्य और गीत प्रस्तुत किए गए। विजेता माताओं को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। जूनियर विंग की अध्यापिकाओं द्वारा प्रस्तुति की गई। स्कूल द्वारा माताओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। यह सारा कार्यक्रम स्कूल के कोऑर्डिनेटर सुदेश शर्मा, अमिता और वंदना के मार्गदर्शन में करवाया गया। सब ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर माताओं ने भी स्कूल व अध्यापिकाओं का तहेदिल से धन्यवाद किया।

---

# पीडब्ल्यूडी के टूटे सांकेतिक बोर्ड चीका को बना रहे बदनुमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका




गुहला चीका। कैथल से चीका मार्ग पर टूटा हुआ सांकेतिक बोर्ड।

चीका शहर में मुख्य सडकों पर जगह जगह लगे सांकेतिक बोर्ड वर्तमान में शहर की खूबसूरती को बदनुमा बना रहे हैं। जानकारी के अनुसार कुछ समय पहले यहां सांकेतिक बोर्ड लगाए गए थे परन्तु प्रशासन को लापरवाही के चलते व रखरखाव के अभाव में उक्त बोर्ड पूरी तरह से टूट चुके हैं और उनके फलैक्स उखड़ गए हैं। परंतु प्रशासन द्वारा इस तरफ ध्यान न देना यह दशार्ता है कि अधिकारी अपने काम के प्रति कितने सजग हैं नतीजतन ना तो सम्बन्धित विभाग और न ती उच्च प्रशासकीय अधिकारी टूटे हुए सांकेतिक बोडों को ठीक करवाने की जहमत उठा रहे हैं। इस सम्बन्ध में शहर के कुछ लोगों सतीश कुमार, जितेंद्र गर्ग, अंकित गुप्ता, राज कुमार, मुकेश कुमार, कुलदीप सिंह व शिव कुमार आदि ने बताया कि उक्त बोर्डों को लेकर अधिकारियों की लापरवाही का आलम यह है कि छोटे से छोटा व बड़े से बड़ा अधिकारी हर रोज उक्त बोडों के नीचे व पास से गुजरते हैं परंतु न जाने क्यों उनकी निगाह बोडों पर नहीं पड़ रही है।

**कैथल से चीका मुख्य मार्ग पर लगे सांकेतिक बोर्ड का बुरा हाल:** सांकेतिक बोर्डों की तरफ तो प्रशासन का ध्यान है ही नहीं है अलबता इनके टूट-फूट जाने का असर बाहर से आने वाले लोगों पर पड़ रहा है। जब लोग बाहर से आकर चीका में प्रवेश करते हैं, तो उन्हें पता ही नहीं चलता कि वे चीका शहर में पहुंच चुके हैं। यही नहीं जिन लोगों को चीका के रास्ते से होकर किसी और शहर में जाना होता है, तो उन्हें भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और टूटे हुए सांकेतिक बोर्डों की वजह से वे अपना रास्ता भटक जाते हैं। दूसरी तरफ उक्त परेशानी से उभरने के लिए उन्हें कई बार शहरवासियों अथवा दुकानदारों से रास्ते की जानकारी लेनी पड़ती है।

---

# शत प्रतिशत रहा भारती विद्या मंदिर स्कूल का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़

गांव अधोया में स्थित भारती विद्या मंदिर हाई स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल चेयरर्पसन रमनीक चौहान ने बताया कि स्कूल की छात्रा शबनम ने 91 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में टॉप किया और मेरिट में स्थान पाया। इसी प्रकार कक्षा के अन्य बच्चों कशिश व दिव्या ने 89 प्रतिशत, प्रगति ने प्रतिशत 88, सलोनी ने 85, मुस्कान, सुखमनी व आस्था ने 84, प्रतीक ने 81, दिव्या ने 74, अंशिका व अंशुल ने 72, हिमांशु ने 66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, इसके अलावा अन्य बच्चों अंसुल, हिमांशु, अनमोल, अंकित और देवेंद्र ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। स्कूल चेयरपर्सन रमनीक चौहान ने परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सब बच्चों की पूरे साल की मेहनत का नतीजा है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हरित सैनी 480 अंक को प्राप्त कर विद्यालय में रहा प्रथम

**नारायणगढ़।** रविवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसमें सभी विद्यार्थी अच्छे अंक प्राप्त कर पास हुए। हरित सैनी 480 अंक को प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल 80 में से 29 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 21 विद्यार्थिओ ने 70 प्रतिशत से अधिक तथा 18 विद्यार्थिओ के 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक समिति ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय प्रधानाचार्य रजनीश तथा स्टॉफ सदस्यों को दिया और कहा कि वे सभी विद्यार्थियों को समय पर प्रोत्साहित करते रहते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश शर्मा तथा मुख्याध्यापिका मिनाक्षी गुप्ता ने परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनको उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाये दी। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय सभी स्टाफ सदस्यों को जाता है जिन्होंने बड़ी लगन और मेहनत से इन विद्यार्थियों को पढाया।

---

# महावीर दल चीका में 19 को रक्तदान शिविर

**गुहला-चीका।** यहां महावीर दल चीका में 19 मई को नेकी की दीवार संस्था द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान सागर भारद्वाज ने बताया कि रक्तदान करने से किसी भी व्यक्ति को शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचता अलबत्ता उसे लाभ ही होता है और कोई ओर बीमारी भी उसके पास नहीं फटकती। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शिविर में आएं और रक्तदान करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## किसानों का एक महाकुंभ सम्मेलन 19 को पाई में

**पाई।** किसानों की समस्यों को लेकर देश- प्रदेश के किसानों का एक महाकुम्भ सम्मेलन 19 मई को पाई की अनाज मंडी में होने जा रहा है। इस आशय कि जानकारी देते हुये भाकियू के कार्यकारी प्रधान बलवान पाई ने बताया कि देश के प्रधान मंत्री के द्वारा पहले तीन कानून वापस लेते हुये किसानों के हित में कई वायदे किये थे, परन्तु आज तक एक भी वायदा पुरा नही किया गया। प्रधानमंत्रा के द्वारा किये वायदों को पुरा न करने के कारण किसान खनौरी व सिंधु बार्डर पर धरने पर बैठे हुये है। इसके अलावा किसानों को अनेक समस्यायें आ रही है। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिये आगामी रणनीति बनाने के लिये 19 मई को पाई की अनाज मंडी में विशाल किसान सम्मेलन होगा।

---

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित किया मातृदिवस

# मां परमात्मा का स्वरूप उसे भूला पाना बेहद मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



नारायणगढ़। मातृदिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित बीके बहनें व अन्य।

रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, में अंतरराष्ट्रीय मातृदिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र की इंचार्ज बीके हरदीप बहन ने कहा कि मां एक ऐसा शब्द है जिसमें संसार की सारी ममता और प्यार समाहित होता है। एक मां अपनी संतान के लिए जीवन भर निस्वार्थ भाव से काम करती है । मां के इसी महत्व को दर्शाने के लिए पूरी दुनिया मई महीने के दूसरे रविवार को मातृदिवस मनाती है । उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कहा गया है कि मातृदेवो भव, अर्थात माँ की तुलना व उपमा भगवान से की गई है । क्योंकि एक मां का बच्चे के जीवन मे जो महत्व होता है वह सायद कोई भी व्यक्ति पूरा नहीं कर सकता । एक मां बच्चे को जन्म तो देती ही है वह उसकी पालना करते हुए उसे अच्छे संस्कार देते हुए उसे एक अच्छा चरित्रवान व्यक्ति बना देती है । संसार की ऐसी समस्त माताओं को समर्पित यह दिवस मातृशक्ति के सम्मान को बढ़ाता है ।

इसी लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस मनाया जाता है ताकि बच्चा अपने जीवन में अपनी मां के महत्व को समझे । उन्होंने कहा कि एक मां हमें जन्म देने वाली स्थूल मां और दूसरी माता को हम भारत माता कहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी मां के साथ साथ भारत माता का सपूत का भी सपूत बनना है, हमारे कर्म ऐसे हों कि देश का नाम रोशन हो। देश फिर से विश्वगुरू बने । उन्होंने कहा कि तीसरी हमारी प्राकृति मां जिसके द्वारा यह शरीर मिला है । इस शरीर की जरूरतें प्राकृति द्वारा पूरी होती हैं। उस प्रकीर्ति का संतुलन हमें बनाए रखने का प्रयास करें ।

प्राकृति के संसाधनों का हम दुरुपयोग न करे उन्हें नष्ट करें । और अंत में हमारी मां परमात्मा मां जिसे हम भुला नहीं सकते । जोकि ज्ञान का सागर है, ममता का सागर है पल पल हमारी रक्षा करता है । पालना करता है । कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया ।